प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या: 166/2025 (अपील सूचना का अधिकार)

जगन्नाथ धोबी पुत्र उंकार लाल धोबी निवासी: इटाली, तहसील–मावली, उदयपुर

..............अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर (प्रशा.), उदयपुर

..................प्रत्यर्थी

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 28/04/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि दिनांक 22.09.2025 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नही करायी जाने से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/166/25/ 989–90 दिनांक 26.09.2025 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा ना तो कोई प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया गया ना ही वे स्वयं या उनके प्रतिनिधि वक्त सुनवाई उपस्थित हुए।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी के आवेदन पत्र दिनांक 22.09.2025 का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि प्रार्थी द्वारा जिला कलक्टर कार्यालय से विभिन्न सूचनाएँ मांगी गई हैं, जिनमें वर्ष 2010 से आज दिनांक तक की अपीलों/परिवादों, न्यायालय प्रकरणों, निरीक्षण, यात्राओं, वाहनों, डीजल/मेंटेनेंस व्यय, उपस्थिति पंजिका, बजट एवं आय–व्यय विवरण, सतर्कता समितियों के निर्णय आदि से संबंधित विस्तृत सूचनाएँ सम्मिलित हैं। प्रकरण के अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी द्वारा मांगी गई अधिकांश सूचनाएँ प्रश्नवाचक, अत्यधिक विस्तृत व अस्पष्ट, असंगठित तथा संवेदनशील होकर दीर्घ अवधि से संबंधित हैं जिनका संकलन करने के लिए विभिन्न शाखाओं से सूचनाएँ एकत्र कर नवीन अभिलेख तैयार करना पड़ेगा, जो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अपेक्षित नहीं है। न्यायालय प्रकरणों, सतर्कता मामलों एवं व्यक्तियों से संबंधित विवरणों का प्रकटीकरण अधिनियम की धारा 81(j) के अंतर्गत अपवर्जित है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचनाएँ प्रशासनिक

RajKaj Ref No.: 21846217
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.28 13:13:38 IST
Reason: Approved